http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2013
# पुस्तपालन एवं लेखाकर्म (बहीखाता)

समय : 3 घण्टा ] [ पूर्णांक : 100

**निर्देश**– (i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।
(iii) प्रश्न-पत्र में **दो खण्ड** दिये गये हैं–**खण्ड-अ** और **खण्ड-ब**।
(iv) **खण्ड-अ** में दिये गये प्रश्न **1** से **5** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।
(v) **खण्ड-ब** में सभी प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं।
(vi) प्रत्येक प्रश्न पर आबंटित अंक उसके सामने अंकित हैं।

## खण्ड–'अ'
## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित के उत्तर लिखिए–** $5 \times 1 = 5$

**(i) परिशोध कमीशन दिये जाने पर उधार बिक्री किये गये माल की वसूली न होने पर डूबत ऋण की हानि वहन की जाती है–**
(अ) प्रेषक द्वारा (ब) प्रेषणी द्वारा
(स) लेनदार द्वारा (द) क्रेता द्वारा।

**(ii) साझेदारी संलेख बनाना–**
(अ) अनिवार्य है (ब) ऐच्छिक है
(स) अंशत: अनिवार्य है (द) अंशत: ऐच्छिक है।

**(iii) पुनर्मूल्यांकन पर होने वाला लाभ किस अनुपात में बाँटा जाता है ?**
(अ) नये लाभ-हानि अनुपात में (ब) त्याग अनुपात में
(स) पुराने लाभ-हानि अनुपात में (द) प्राप्ति अनुपात में।

**(iv) नये अनुपात में से पुराना अनुपात घटाने पर प्राप्त अनुपात कहलाता है–**
(अ) त्याग अनुपात (ब) समान अनुपात
(स) लाभ अनुपात (द) हानि अनुपात।

**(v) ऋणपत्रधारी कंपनी के होते हैं–**
(अ) स्वामी (ब) लेनदार
(स) देनदार (द) कर्मचारी।

उत्तर–**(i)** (ब), **(ii)** (ब), **(iii)** (स), **(iv)** (स), **(v)** (ब)।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** $5 \times 1 = 5$

**(i)** प्रेषण में असामान्य हानि को ⋯⋯ खाते में डेबिट किया जाता है।
**(ii)** स्थायी पूँजी पद्धति में ⋯⋯ खाता भी बनाते हैं।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(iii) सम्पत्ति और दायित्व के परिवर्तित मूल्य जब पुस्तकों में नहीं दिखाए जाते तब ······ खाता बनाया जाता है।
(iv) ख्याति की राशि पर अधिकार ······ साझेदारों का होता है।
(v) ऋणपत्रधारी कंपनी के ······ में हस्तक्षेप नहीं करते हैं।
उत्तर—(i) लाभ-हानि, (ii) साझेदारों का चालू, (iii) स्मारक पुनर्मूल्यांकन, (iv) पुराने, (v) प्रबंधन।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित का सत्य/असत्य में उत्तर दीजिए—** **5 × 1 = 5**
(i) प्रेषक द्वारा बीजक में लागत से कम मूल्य लिखा जाता है।
(ii) साझेदारी में प्रत्येक साझेदार का दायित्व सीमित होता है।
(iii) ख्याति एक अमूर्त संपत्ति है जिसका यथाशीघ्र अपलेखन कर देना चाहिए।
(iv) ख्याति की राशि पर निवृत्त साझेदार का कोई अधिकार नहीं होता है।
(v) ऋणपत्रों का निर्गमन रोकड़ के अतिरिक्त अन्य प्रतिफल के बदले भी किया जाता है।
उत्तर—(i) असत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से प्रत्येक का *एक शब्द* में उत्तर दीजिए—** **5 × 1 = 5**
(i) प्रेषण व्यवहार में भेजे गये माल पर जोखिम किसका होता है ?
(ii) त्याग अनुपात की गणना क्यों आवश्यक है ?
(iii) जब साझेदार की सम्पत्तियों से दायित्व अधिक हो जाए, तो उसे कहेंगे ······ ।
(iv) क्रय प्रतिफल – शुद्ध सम्पत्तियाँ = ?
(v) 100 रु. अंकित मूल्य का ऋणपत्र 95 रु. में निर्गमित किया तो 5 रु. का अंतर कहलायेगा।
उत्तर—(i) प्रेषक, (ii) ख्याति को बाँटने के लिए, (iii) दिवालिया साझेदार, (iv) ख्याति, (v) छूट या बट्टा।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित की सही जोड़ियाँ बनाइए—** **5 × 1 = 5**

| | |
|---|---|
| (i) सूचनार्थ बीजक | (अ) साझेदार से ऋण |
| (ii) आंतरिक दायित्व | (ब) बैंक से ऋण |
| (iii) संपत्ति बंधक | (स) परिवर्तनीय ऋणपत्र |
| (iv) बाह्य दायित्व | (द) सुरक्षित ऋणपत्र |
| (v) अंशपत्र में परिवर्तन | (इ) लागत + लाभ का % |
| | (य) रोकड़ बहाव |

उत्तर—(i) → (इ), (ii) → (अ), (iii) → (द), (iv) → (ब), (v) → (स)।

## खण्ड—'ब'

**प्रश्न 6.** साझेदारी क्या है ? साझेदारी की तीन विशेषताएँ लिखिए। **4**

*अथवा*

रेशु, कृष्णा एवं अकबर एक फर्म में साझेदार हैं। उनका लाभ-हानि वितरण करने का अनुपात समान है। वर्ष के आरम्भ में उनकी पूँजी क्रमशः रु. 5,000, रु. 3,000 तथा रु. 2,000 थी।

वर्ष के अन्तिम खाते तैयार करने के बाद ज्ञात हुआ कि साझेदारों के पूँजी खाते 6% वार्षिक ब्याज से क्रेडिट नहीं किये गये यद्यपि साझेदारी संलेख में इसका उल्लेख था। चिट्ठे में

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

परिवर्तन करने के बजाए इस अशुद्धि को सुधारने के लिए अगले वर्ष के आरम्भ में समायोजित जर्नल प्रविष्टियाँ करने का निर्णय किया गया।

**प्रश्न 7.** अंशों का बट्टे पर निर्गमन करने के लिए किन-किन शर्तों का पूरा किया जाना अनिवार्य है ? 4

*अथवा*

कौशल लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10,000 अंश जारी किये। इस सम्बन्ध में प्रति अंश 2 रु. आवेदन पर, 4 रु. आबंटन पर एवं 4 रु. प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय है। सभी राशियाँ यथासमय प्राप्त हो गईं। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल के लेखे कीजिए।

**प्रश्न 8.** ऋणपत्र कितने प्रकार के होते हैं ? किन्हीं **दो** को समझाइए। 4

*अथवा*

ऋणपत्रों के निर्गमन पर की जाने वाली प्रविष्टियाँ लिखिए।

**प्रश्न 9.** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण की सीमाएँ समझाइए। (कोई **चार**)। 4

*अथवा*

वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्व बताइये।

**प्रश्न 10.** रोकड़ प्रवाह विवरण के अन्तर्गत रोकड़ के प्रमुख उपयोग लिखिए। 4

*अथवा*

कोष प्रवाह विवरण का महत्व लिखिए। (कोई **चार** बिन्दु)

**प्रश्न 11.** प्रेषक दर्शनार्थ बीजक में लागत मूल्य से अधिक मूल्य क्यों दर्शाता है ? इस सम्बन्ध में कौन-कौन सी समायोजन प्रविष्टियाँ होंगी ? 5

*अथवा*

1 जनवरी, 2012 को अशोकनगर के महेश्वरी ने मुरैना के गुप्ता को 250 टेबल लैम्प 75 रु. प्रति लैम्प, जो लागत से 25% अधिक है, बीजक मूल्य पर भेजे। महेश्वरी ने 450 रु. प्रेषण पर व्यय के चुकाए। 1 मार्च, 2012 को गुप्ता ने 225 रु. टेबल लैम्प 18,200 रु. में बेच दिये और 530 रु. विक्रय व्यय हुए। कुल बिक्री पर उनका कमीशन 5% और परिशोध कमीशन 2·5% है।

महेश्वरी की पुस्तकों में प्रेषण खाता बनाइये।

**प्रश्न 12.** ख्याति कितने प्रकार की होती है ? लिखिए। 5

*अथवा*

नैयर, शर्मा एवं राम एक फर्म में साझेदार हैं जो लाभ-हानि को समान अनुपात में बाँटते हैं। उन्होंने भविष्य के लाभ को 2 : 3 : 5 के अनुपात में बाँटना तय किया। इस उद्देश्य हेतु फर्म की ख्याति 3,00,000 रु. मूल्यांकित की गयी। आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए।

**प्रश्न 13.** 'बी', 'आर' तथा 'के' साझेदार हैं जो 3 : 1 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि का विभाजन करते हैं। 31 दिसम्बर, 2011 को निम्नांकित चिट्ठा था : 5

| दायित्व | रकम (रु.) | सम्पत्तियाँ | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 58,500 | रोकड़<br>बैंक | 1,000<br>15,000 |

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूँजी : | | | |
| B | 84,000 | भवन | 1,02,500 |
| R | 68,000 | स्टॉक | 1,15,000 |
| K | 48,000 | देनदार | 25,000 |
| | 2,58,500 | | 2,58,500 |

1 जनवरी, 2012 से उन्होंने P को साझेदार बनाया। P 60,000 रु. ख्याति के जो व्यापार में रहती है और 60,000 रु. अपने हिस्से की पूँजी देता है। भविष्य में साझेदार अपनी समायोजित पूँजी के आधार पर लाभ-विभाजन करते हैं। साझेदारों के पूँजी खाते तथा प्रारम्भिक चिट्ठा बनाइए। साझेदारों के मध्य नया लाभ-विभाजन अनुपात बताइए।

*अथवा*

साझेदार की मृत्यु पर उसके वैधानिक प्रतिनिधि को देय राशि की गणना आप किस प्रकार करेंगे ? समझाइए।

**प्रश्न 14.** अंश के हरण से क्या आशय है ? अंश हरण के लिए क्या कार्यवाही की जाती है ? 5

*अथवा*

हेमन्त लि. ने 10 रु. वाले 200 अंश 10% बट्टे पर निर्गमित किये, जिन पर 4 रु. प्रार्थना-पत्र पर, 3 रु. आबंटन पर तथा 2 रु. प्रथम याचना पर देय थे। सतीश जिसके पास 100 अंश थे, याचना राशि का भुगतान नहीं कर सका। उसके अंशों का हरण कर लिया गया। बाद में समस्त हरित अंश मनीष को 6 रु. पूर्णदत्त की दर से पुनर्निगमित कर दिये गये। हरण व पुनर्निर्गमन के लेखे दीजिए।

**प्रश्न 15.** चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में प्रदर्शित मुख्य शीर्षकों का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 5

*अथवा*

कम्पनी के चिट्ठे के सम्पत्ति पक्ष में चालू सम्पत्ति, ऋण एवं अग्रिम शीर्षक के अन्तर्गत किन-किन मदों को शामिल किया जाता है ?

**प्रश्न 16.** फर्म के समापन की विभिन्न विधियों को समझाइए। 6

*अथवा*

P और J एक फर्म में साझेदार हैं और 4 : 3 के अनुपात में लाभालाभ का वितरण करते हैं। उन्होंने साझेदारी फर्म के समापन का निश्चय किया। उक्त तिथि पर P की पूँजी 65,000 रु. तथा J की पूँजी 35,000 रु. थी। लेनदार 15,000 रु. और रोकड़ शेष 1,270 रु. था। रोकड़ के अतिरिक्त शेष सम्पत्तियों से 1,09,000 रु. वसूल हुए। समापन पर किये गये खर्च 1,250 रु. थे। विघटन की तिथि पर चिट्ठा तैयार कीजिए एवं वसूली खाता एवं पूँजी खाता तैयार कीजिए।

**प्रश्न 17.** समता अंश तथा पूर्वाधिकार अंशों में अन्तर कीजिए। 6

*अथवा*

पूर्वाधिकार अंश से क्या आशय है ? पूर्वाधिकार अंशों के विभिन्न प्रकारों को समझाइए (कोई चार)।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

**प्रश्न 18.** ऋणपत्रों के शोधन से क्या आशय है ? ऋणपत्रों के शोधन की विधियों का वर्णन कीजिए। 6

*अथवा*

निम्न व्यवहारों की जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए—

(1) 12% 10,000 ऋणपत्र प्रत्येक 10 रु. वाले सममूल्य पर निर्गमन व सममूल्य पर शोधन।

(2) 12% 15,000 ऋणपत्र प्रत्येक 10 रु. वाले 10% छूट पर निर्गमन व सममूल्य पर शोधन।

(3) 10% 2,000 ऋणपत्र 100 रु. वाले 10% प्रीमियम पर निर्गमन व सममूल्य पर शोधन।

**प्रश्न 19.** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण के उद्देश्य समझाइए। 6

*अथवा*

निम्न सूचनाओं के आधार पर ज्ञात कीजिए (i) चालू अनुपात (ii) तरलता अनुपात :

लेनदार 1,60,000 रु., देय बिल 40,000 रु., अदत्त व्यय 20,000 रु., रोकड़ 1,00,000 रु., देनदार 2,00,000 रु., बैंक में रोकड़ 50,000 रु., रहतिया 90,000 रु., पूर्वदत्त व्यय 30,000 रु., प्राप्य बिल रु. 50,000।

**प्रश्न 20. कोष प्रवाह विवरण और रोकड़ प्रवाह विवरण में अन्तर लिखिए। 6**

*अथवा*

**निम्न सूचना से Y.K. Ltd. का रोकड़ बहाव विवरण तैयार कीजिए—**

| दायित्व | 2006 | 2007 | सम्पत्तियाँ | 2006 | 2007 |
|---|---|---|---|---|---|
| | रु. | रु. | | रु. | रु. |
| अंश पूँजी | 55,000 | 63,500 | प्लाण्ट | 15,000 | 17,000 |
| संचय | 15,000 | 19,500 | भवन | 20,000 | 16,000 |
| ऋणपत्र | 22,000 | 22,000 | भूमि | 24,000 | 24,000 |
| चालू दायित्व | 30,000 | 32,000 | पेटेण्ट | 1,000 | 900 |
| संचयी ह्रास | 5,000 | 2,800 | रोकड़ | 40,000 | 44,400 |
| | | | देनदार | 10,000 | 20,700 |
| | | | स्टॉक | 15,000 | 15,000 |
| | | | ऋणपत्र पर छूट | 2,000 | 1,800 |
| कुल | 1,27,000 | 1,39,800 | कुल | 1,27,000 | 1,39,800 |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(अ) अवधि के लिए आय 12,000 रु. थी।

(ब) एक भवन जिसकी लागत 4,000 रु. थी और जिसका पुस्त-मूल्य 1,000 रु. था 1,400 रु. में बेचा गया।

(स) अवधि के लिए ह्रास का चार्ज 800 रु. था।

(द) अंशों का निर्गमन 5,000 रु. का था।

(य) 4,000 रु. का रोकड़ लाभांश और 3,500 रु. का अंश लाभांश घोषित किया गया और चुकता किया गया।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com